







# देर रात होलिका दहन, आज भी जलेगी होली, कल खेला जाएगा रंग

## बाजार में दिखी रौनक, लोगों ने की खरीददारी, शहर में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 मार्च, आस्था और रंगो का त्यौहार होली इस बार दो दिन जलेगी. रीवा में देर रात होलिका दहन किया गया और रंग बुधवार को खेला जायेगा. दरअसल भद्राकाल और साल के पहले चन्द्र ग्रहण के कारण इस बार दहन का समय दो रातो में बट गया है. कहीं 2-3 मार्च की मध्य रात्रि तो कही 3 मार्च की रात्रि होलिका दहन किया जायेगा.**





होलिका दहन को लेकर भ्रम की स्थित है लेकिन रंग खेलने की तैयारी चार मार्च को ही की गई है. रीवा जिले में देर रात होलिका दहन किया गया. तीन मार्च को पूर्णिमा के दिन ही चन्द्र ग्रहण लग रहा है कोई धार्मिक अनुष्ठान नही होगे. होली के त्यौहार को लेकर पुलिस ने भी अपनी तैयारी कर ली है. सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद के साथ पुलिस बल गश्त और निगरानी कर रहा है. सोमवार को बाजार में जमकर खरीददारी हुई, लोगो ने रंग गुलाल और पिचकारी ली, जिसके चलते बाजार में रौनक रही. शांति सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शहर में शाम को फ्लैग मार्च निकाला गया. एसपी शैलेन्द्र सिंह चौहान की उपस्थिति में विभिन्न मार्गो से होकर फ्लैग मार्च निकला. जिसमें नागरिको से होली का त्यौहार आपसी भाईचारे एवं शांति के साथ मनाए जाने की अपील की गई. किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधियों की सूचना नजदीकी पुलिस को दें, साथ ही कानून व्यवस्था भंग करने वाले आसमाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी. फ्लैग मार्च में सीएसपी सहित समस्त थाना प्रभारी मौजूद रहे.

**4 मार्च को मदिरा की बिक्री रहेगी प्रतिबंधित**-कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल ने 4 मार्च होली के दिन मदिरा की बिक्री खरीदने, भण्डारण और परिवहन पर प्रतिबंध के आदेश दिए हैं. इस दिन जिले की सभी कम्पोजिट मदिरा दुकानें तथा गोदाम बंद रहेंगे.

### होली और भाईदूज पर रहेगा अवकाश

रीवा जिले में शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार 3 मार्च और 4 मार्च को दो दिवस होली का अवकाश रहेगा. इस अवधि में सभी शासकीय और अशासकीय कार्यालय तथा शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे. जिले में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने 5 मार्च को भाईदूज पर्व पर स्थानीय अवकाश घोषित किया है. इस दिन भी कार्यालय और शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे.

# शासकीय कार्य में बाधा डालने पर कमांडो के खिलाफ प्रकरण दर्ज

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 मार्च, रीवा कमांडो अरुण गौतम परिवहन विभाग के चेक पॉइंट पर आकर वाहन जांच के दौरान अवैध संचालित वाहनों को छुड़ाने का प्रयास करते हैं और बिना दस्तावेज के आवागमन कर रहे वाहनों को बिना जांच किए ही निकलने का परिवहन स्टाफ के ऊपर दबाव बनाते हैं.**

चेक पॉइंट रीवा 2, रीवा प्रयागराज मार्ग पर स्थित है, जो कि उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे होने के कारण इस मार्ग पर अन्य प्रदेशों से आने वाले वाहनों का आवागमन काफी ज्यादा होता है. जिसमें उन वाहनों के द्वारा मध्य प्रदेश राज्य का मोटरयान कर जमा नहीं किया जाता एवं अवैध संचालित वाहनों की बहुतायत रहती है जिनमे परमिट फिटनेस बीमा एवं ओवरलोड वाहनों का आवागमन बहुत होता है. इसके अलावा मध्य प्रदेश से उत्तरप्रदेश की और मुख्यत: सीमेंट, कीलेंकर राखड़,गिट्टी एवं रेत जैसे खनिज पदार्थ का भी आवागमन बहुत ज्यादा मात्रा में होता है. इन वाहनों को कमांडो अरुण गौतम के द्वारा बिना बिल्टी बिना परमिट एवं बिना दस्तावेज के ही बिना जांच के ही निकलने का दबाव परिवहन स्टाफ पर बनाया जाता हैं. वाहन बिना जांच के नहीं छोड़ने पर झूठे आरोप प्रत्यारोप लगाते है इन अवैध संचालित वाहनों को नहीं छोड़ने पर कमांडो अरुण गौतम के द्वारा झूठी एवं निराधार शिकायतें वरिष्ठ अधिकारियों से की जाती है. कमांडो अरुण गौतम के द्वारा परिवहन विभाग द्वारा जब वाहनों की जांच की जा रही होती है तब यह अपने कई साथियों के साथ आकर मार्ग को अवरुद्ध कर देते हैं और इसके बाद जब आवागमन बहाल होता है और मार्ग खुलता है तो बहुत सारे वाहन बिना जांच के ही इस दौरान निकल जाते हैं. जिसके कारण मध्य प्रदेश शासन परिवहन विभाग को शासन के राजस्व में काफी क्षति होती है. इसी बात के लिए अरुण गौतम कमांडो के ऊपर पुलिस थाना सोहागी जिला रीवा में प्रकरण कायम किया गया है, इसके अलावा भी कमांडो अरुण कुमार गौतम के ऊपर विभिन्न पुलिस थानो में लगभग 10 से 12 अपराधिक प्रकरण पहले से भी दर्ज है कमांडो अरुण गौतम के द्वारा आए दिन शासकीय कार्य में बाधा डाली जाती है और परिवहन स्टाफ को डराया धमकाया जाता है. आरटीओ रीवा 2 के प्रभारी के द्वारा 233 अवैध संचालित वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 929650/- रुपये का शासकीय राजस्व अर्जित किया है.

## संक्षिप्त

### उप मुख्यमंत्री ने दी होली की शुभकामनाएं



**रीवा,** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रदेशवासियों को होलिका दहन और होली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं. उन्होंने कहा कि होलिका दहन अन्याय और अधर्म पर सत्य एवं धर्म की विजय का प्रतीक है. यह पर्व हमें नकारात्मक प्रवृत्तियों को त्यागकर सदाचार और कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है. उन्होंने कहा कि रंगों का यह पावन उत्सव भारतीय संस्कृति की जीवंत परंपराओं का प्रतीक है, जो परिवार और समाज को एक सूत्र में बांधता है. यह पर्व आपसी प्रेम और विश्वास को सुदृढ़ करता है. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सभी नागरिकों से सुरक्षित तरीके से होली मनाने की अपील की है और सभी के सुख, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है.

### टाइगर सफारी आज और कल रहेगा बंद

**रीवा,** महाराजा मार्तण्ड सिंह व्हाइट टाईगर सफारी मुकुंदपुर रीवा संभाग का प्रमुख पर्यटन केन्द्र है. इसमें प्रतिदिन हजारों पर्यटक भ्रमण के लिए आते हैं. शासन द्वारा घोषित होली पर्व के अवकाश 3 मार्च तथा 4 मार्च को टाइगर सफारी बंद रहेगा. इस संबंध में टाईगर सफारी के संचालक ने बताया कि अवकाश के दिनों में पर्यटकों के भ्रमण के लिए टाईगर सफारी बंद रहेगा. यह 5 मार्च को निर्धारित समय अनुसार पर्यटकों के भ्रमण के लिए पुन: खुलेगा.

### सीधी जिले की समीक्षा बैठक 12 को

**रीवा,** कमिश्नर बीएस जामोद आगामी 12 मार्च को सीधी जिले की समीक्षा करेंगे. कलेक्ट्रेट सभागार सीधी में दोपहर 12 बजे से आयोजित बैठक में केन्द्र एवं राज्य शासन की सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ ही कलेक्टर्स, कमिश्नर कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं, संकल्प से समाधान अभियान, सीएम हेल्पलाइन, ईआफिस, पेंशन प्रकरण, किये गये. पीपीओ के विरूद्ध भुगतान आदि की समीक्षा की जायेगी. बैठक में सीधी जिले के विभागीय जिला अधिकारी एवं संभागीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे.

### कमिश्नर 13 को करेंगे सिंगरौली जिले की समीक्षा

**रीवा,** कमिश्नर बीएस जामोद 13 मार्च को सिंगरौली जिले में आयोजित समीक्षा बैठक में विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे. सिंगरौली कलेक्ट्रेट में दोपहर 12 बजे से आहूत बैठक में कमिश्नर द्वारा कलेक्टर्स-कमिश्नर्स कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं, संकल्प से समाधान अभियान सीएम हेल्पलाइन एवं समाधान ई आफिस, पेंशन प्रकरण, जारी पीपीओ के विरूद्ध भुगतान आदि की समीक्षा की जायेगी. बैठक में सिंगरौली जिले के विभाग प्रमुख एवं संभागीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे.

### महिला दिवस पर होंगी खेल प्रतियोगिताएं

**रीवा,** रीवा जिले में 8 मार्च को विश्व महिला दिवस मनाया जाएगा. खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विश्व महिला दिवस पर महिलाओं के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है. इस संबंध में संभागीय खेल अधिकारी एमके धौलपुरी ने बताया कि 8 मार्च को स्पोर्ट्स काम्पलेक्स रीवा में सुबह 10 बजे से महिलाओं के लिए विशेष खेल प्रतियोगिताएं आरंभ होंगी. सुबह 10 बजे से 100 मीटर तथा 400 मीटर की दौड़ का आयोजन किया जा रहा है. इसमें 13 वर्ष से कम आयु, 13 वर्ष से 18 वर्ष आयु वर्ग एवं 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिलाएं भाग ले सकेंगी. इनके लिए आयु वर्ग अनुसार खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं. खेल अधिकारी ने महिलाओं तथा किशोरियों से खेल प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है.



### लक्ष्मी नारायण मंदिर में फाग गीत उत्सव आयोजित

**हनुमना,** मऊगंज जिले के हनुमना नगर ओल्ड एनएच 7 रीवा मिर्जापुर रोड में स्थित प्राचीन श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में 50 वर्षों की प्रथा अनुसार आज भी यह प्रथा चली आ रही है. भगवान श्रीलक्ष्मीनारायण के दरबार में फाग गीत गुनगुना कर भगवान के चरणों में अर्पण किया जाता है यह फाग उत्सव श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर कमेटी के भक्तों द्वारा किया गया. इस कार्यक्रम के आयोजन के अध्यक्ष रामसागर गुप्ता विट्ठल दास गुप्ता टिंकल गुप्ता हजारीलाल गुप्ता ओमप्रकाश गुप्ता मनोज मेडिकल मनोज गुप्ता कपड़ा वाले उत्तम दास गुप्ता, धनंजय गुप्ता रितांशु गुप्ता ,बृज किशोर गुप्ता, अनूप गुप्ता विंध्यवासिनी इलेक्ट्रॉनिक अर्जुन किराना वाले मुकुंद लाल गुप्ता मुन्ना किराना वाले नारायण दास गुप्ता वीरेंद्र मोबाइल सेंटर संतोष पिंगो वाले आदि भक्तों की उपस्थिति वंदनीय रही.

# चिरहुला कॉलोनी में प्रतिमा खंडित करने पर लोगों में आक्रोश

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 मार्च, शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत चिरहुला कॉलोनी में आस्था का केंद्र कहीं जाने वाली हनुमान मंदिर में विराजमान भगवान हनुमान की प्रतिमा को अज्ञात लोगो द्वारा खंडित कर दिया गया है.**

प्रतिमा को खंडित किए जाने की जानकारी जैसे ही मोहल्ले वासियों को हुई तो मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई और घटना की सूचना बिछिया पुलिस को दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर अज्ञात लोगों की तलाश शुरू कर दी है. स्थानीय निवासियों ने बताया कि यहां पर भगवान हनुमान की प्रतिमा कई वर्षों पूर्व विराजमान की गई थी जिसके बाद स्थानीय वासियों के सहयोग से यहां पर मंदिर का निर्माण कराया गया था. बताया गया है कि यह मोहल्ले के लोगों के आस्था का केंद्र था और यहां पूजा पाठ की जाती थी. स्थानीय लोगों ने बताया कि आज सुबह जब भक्तगण पहुंचे तो भगवान हनुमान की प्रतिमा जिस स्थान पर विराजमान की गई थी वहां से खंडित कर दूसरे जगह रख दी गई थी इसके बाद मोहल्लेवासी पहुंचे और इसकी सूचना पुलिस को दी. बताया गया है कि भगवान हनुमान की प्रतिमा को खंडित किए जाने का अज्ञात लोगों द्वारा कार्य किया गया है जिसको लेकर मोहल्ले वासियों में आक्रोश है. मामले की शिकायत की गई है.



# श्रीमद् वाल्मीकि रामायण कथा पांच से, गूंजेगा भक्ति का स्वर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 मार्च, विंध्य की पावन धरा एक बार पुन: आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर होने जा रही है. रीवा जिले के मनगवां के ग्राम हनुमंता में 5 मार्च से 13 मार्च तक आयोजित होने वाली पूज्य जगद्गुरु स्वामी राघवाचार्य महाराज की दिव्य कथा के लिए सभी तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी हैं.**

आयोजन समिति के अध्यक्ष डा. एस.एस तिवारी ने पत्रकार वार्ता में बताया कि कथा स्थल को भव्य स्वरूप प्रदान किया गया है. विशाल पांडाल, सुसज्जित मंच, श्रद्धालुओं के बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल, पार्किंग एवं सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं. श्रीमद् वाल्मीकि रामायण कथा के व्यास पीठ पर जगद्गुरु राघवाचार्य महाराज सुशोभित होंगे.

जगद्गुरु स्वामी श्री राघवाचार्य जी महाराज श्रीधाम रामवर्णाश्रम (रामकोट), अयोध्या के पीठाधीश्वर हैं तथा श्रीरामलला सदन देवस्थान ट्रस्ट का संचालन करते हैं. उनकी ओजस्वी वाणी, शास्त्रसम्मत व्याख्याएं और सरल प्रस्तुति शैली उन्हें देश-विदेश में विशिष्ट पहचान दिलाती है. डॉ. तिवारी ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में नैतिक मूल्यों, संस्कार, राष्ट्रप्रेम और सांस्कृतिक चेतना का जागरण करना है. कथा के साथ-साथ भजन-संध्या, संत-सत्संग एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी आयोजन होगा.

# अभियान चलाकर एक माह में किशोरियों को लगाएं कैंसर से बचाव का टीका

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 मार्च, कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने एचपीवी टीकाकरण अभियान की समीक्षा की.**



कलेक्टर ने कहा कि एचपीवी टीका महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने का सबसे सुरक्षित उपाय है. महिलाओं में होने वाले कैंसर में सबसे अधिक सर्वाइकल कैंसर ही होता है. शासन द्वारा सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 14 और 15 वर्ष की किशोरियों को नि:शुल्क टीके लगाए जा रहे हैं. इसके लिए जिले भर में शुरू किए गए विशेष अभियान में एक माह में सभी किशोरियों को कैंसर से बचाव के टीके लगाएं. सभी अभिभावक अपनी बेटियों को कैंसर से बचाने के लिए यह टीका अवश्य लगवाएं. स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग मिलकर सभी चिन्हित किशोरियों को टीका लगवाएं. जिला शिक्षा अधिकारी स्कूल के अभिलेखों के आधार पर 14 और 15 वर्ष की किशोरियों की सूची बनाकर उन्हें निकटतम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में टीके लगवाएं. बैठक में सीएमएचओ डॉ. अनुराग शर्मा ने बताया टीकाकरण के लिए मेडिकल कालेज, जिला अस्पताल तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं सेमरिया में सेंटर बनाए गए हैं. बैठक में सीईओ मौजूद रहे.

### मऊगंज में कल बंद रहेंगी मदिरा की दुकानें

**मऊगंज, 2 मार्च,** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मऊगंज संजय कुमार जैन ने 4 मार्च को होली पर्व अर्थात जिस दिन रंग खेला जायेगा, पर जिले की सभी कम्पोजिट मदिरा दुकानों को बंद रखने के आदेश जारी किये हैं. जारी आदेश के अनुसार 4 मार्च को संपूर्ण जिले में मदिरा का क्रय-विक्रय, भण्डारण एवं परिवहन पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा. यह आदेश होली का त्यौहार शांतिपूर्वक मनाये जाने की दृष्टि से जारी किया गया है.

# खनिज मद की कार्ययोजना में कृषि विकास के कार्यों को प्राथमिकता दें

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 मार्च, कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में जिला खनिज मद की कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई.**

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिला खनिज मद की आगामी वार्षिक कार्ययोजना में कृषि विकास के कार्यों को प्राथमिकता दें. वर्तमान वर्ष को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है. खनिज मद की कार्ययोजना में जिले के आकांक्षी विकासखण्डों जवा और सिरमौर में कृषि विकास, मछलीपालन तथा उद्यानिकी के विकास के प्रावधानों को शामिल करें. संबंधित अधिकारी विस्तृत कार्ययोजना के साथ प्रस्ताव प्रस्तुत करें. इसके साथ-साथ छात्राओं के लिए शौचालय निर्माण, आंगनवाड़ी केन्द्र भवन निर्माण के भी प्रस्ताव कार्ययोजना में शामिल करें.

गत वर्षों में खनिज मद से स्वीकृत अधूरे कार्यों को प्राथमिकता से पूरे कराएं. मनरेगा योजना तथा सुदूर ग्राम सड़क योजना में भी खनिज मद से कन्वर्जेंस के प्रस्ताव शामिल करें. इन प्रस्तावों में ग्राम पंचायत की सहमति आवश्यक होगी. कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य सूचकांकों में सुधार तथा बच्चों एवं महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार से जुड़े कार्यों को भी कार्ययोजना में शामिल करें. बैठक में परियोजना अधिकारी मौजूद रहे.

# सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में होली के दिन बचाई गई जटिल हृदय रोगी की जान

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 मार्च, रंगों के त्योहार होली के अवसर पर जहाँ पूरा प्रदेश उत्सव में डूबा था, वहीं रीवा के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के डॉक्टरों ने एक गंभीर मरीज को 'नया जीवन' देकर मानवता की मिसाल पेश की है.**



वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. एस.के. त्रिपाठी और उनकी टीम ने एक अत्यंत जटिल हार्ट प्रोसीजर को सफलतापूर्वक संपन्न कर मरीज की जान बचाई. मरीज की धमनियों में 'बाइफरकेशन ब्लॉकेज' की समस्या थी, जहाँ नस दो हिस्सों में बंटती है. ऐसी स्थिति में इलाज करना काफी चुनौतीपूर्ण माना जाता है. डॉ. त्रिपाठी ने आधुनिक टीएपी तकनीक का उपयोग कर बंद नसों को खोला. यह सफल ऑपरेशन अस्पताल की हाई-टेक कैथ लैब में पूरी सटीकता के साथ किया गया. इस सफलता में कैथ लैब टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिसमें जय नारायण मिश्रा, सुधांशु तिवारी, सुमन साहू, अमन मिश्रा, सत्यम, निकित, विजय और सोनाली शामिल थे. डॉ. त्रिपाठी ने इस उपलब्धि का श्रेय उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल के विजन और श्याम शाह मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. सुनील अग्रवाल व अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अक्षय श्रीवास्तव के कुशल प्रशासनिक नेतृत्व को दिया है.

# सिलेंडर रिसाव से घर में लगी आग, सामान जलकर राख

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 मार्च, रीवा जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटी गोरगी में रामाश्रय साकेत के घर मे गैस सिलेंडर से भड़की आग से पूरा घर जलकर खाख हो गया, इस दौरान घर में मौजूद लोग बाल बाल बच गया.**

जानकारी के अनुसार परिजन सिलेंडर लाकर गैस की पाइप में फिट कर रहे थे लेकिन उसे गैस रिस रही थी और वह धीरे-धीरे वह पूरे कमर में फैल गई. जिससे अचानक आग लग गई जैसे ही आग भड़की तो वहां मौजूद लोगों द्वारा पुलिस एवं फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई मौके पर फायर ब्रिगेड लेकर पहुंचे इंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि भारी मशक्कत के बाद आग में काबू पाया गया लेकिन घर पुरी तरह जल चुका था. मौके पर थाना गुढ़ एवं रायपुर कर्चुलियान पुलिस सहित भारी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे. इस दौरान गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया है. आगजनी की इस घटना में पीड़ित परिवार का लाखों रुपए का नुकसान हुआ है.

### रंगपंचमी 8 को

**रीवा, 2 मार्च,** श्री योग वेदान्त सेवा समिति के अध्यक्ष कैलाश आहूजा बताया कि रंगपंचमी का कार्यक्रम पलाश के फूलों से होली का पर्व सत्संग भवन सिंधी धर्मशाला शास्त्री नगर अमहिया में 8 मार्च को सुबह 10 बजे बड़ी धूमधाम से मनाया जायेगा. पलाश के फूलों का रंग रोग प्रतिकारक शक्ति बढ़ाता है. गर्मी को बचाने की, सप्तरंगों व सप्तधातुओं को संतुलित करता है.

# मऊगंज पुलिस ने शहर में निकाला फ्लैग मार्च

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 2 मार्च, मऊगंज शहर में होली के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शाम को फ्लैग मार्च पुलिस ने निकाला और लोगो से शांति पूर्ण तरीके से भाईचारे के साथ होली मनाने की अपील की.**

पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी के मार्गदर्शन में मऊगंज शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया.



जिसमें एसडीओपी सची पाठक, थाना प्रभारी संदीप भारती, यातायात प्रभारी एनपी सिंह सहित दर्जनों पुलिस जवान उपस्थित रहे. नगर के प्रमुख मार्ग और संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त करते हुए आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को सख्त संदेश दिया. होली के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने वालो के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी. रात्रि कालीन गश्त के साथ दिन भर निगरानी होगी.

### गुढ़ सीएमओ ने पद्भार ग्रहण किया

**गुढ़, 2 मार्च,** गुढ़ नगर परिषद सीएमओ ने पदभार ग्रहण किया. मोहित कुमार शुक्ला ने 27 फरबरी को नगर परिषद गुढ़ में मुख्य नगर पालिका अधिकारी का प्रभार लेने पहुंचे. जहां उन्होंने सर्वप्रथम कष्टहर नाथ स्वामी के दर्शन कर नगर वासियों की सेवा करने की प्रार्थना की. उन्होने बताया कि किस तरह नगर परिषद गुढ़ के विकास के कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा.